राजकीय यात्रा- फिनलैंड

फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब आज भारत की राजकीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे, जहां विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राष्ट्रपति स्टब रायसीना संवाद-2026 में मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे।

पश्चिमी एशिया संघर्ष

पश्चिमी एशिया में जारी संघर्ष के बीच साइप्रस पर हमले के बाद ब्रिटेन और फ्रांस ने वहां अपनी सैन्य ताकत तैनात करने का फैसला किया है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने बताया कि ब्रिटेन ड्रोन रोधी हेलीकॉप्टर और युद्धपोत एचएमएस ड्रैगन साइप्रस भेज रहा है। वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां ने अपना विमानवाहक पोत चार्ल्स डी गॉल भूमध्य सागर में तैनात करने का आदेश दिया है।

प्रदेश- होली

होली के रंग इस बार पूरे प्रदेश में कुछ खास अंदाज में बिखरे हैं। मुख्यमंत्री के संदेश से लेकर उज्जैन की शिप्रा तट और आदिवासी अंचलों के भगोरिया तक।

वीरेंद्र कुमार जयंती

प्रदेश में बीजेपी के कद्दावर नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरेंद्र कुमार सकलेचा की आज जयंती है। इस मौके पर राजधानी भोपाल में विधानसभा के सेंट्रल हॉल में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी शामिल हुए। उन्होंने स्वर्गीय सकलेचा के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

केंद्रीय कृषि मंत्री जन्मदिन

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान अपने जन्मदिन यानी 5 मार्च को पांच बड़े संकल्प लेने जा रहे हैं। वे अपने विदिशा संसदीय क्षेत्र में मोबाइल हॉस्पिटल, दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल और गरीब छात्रों के लिए निःशुल्क "मामा कोचिंग" शुरू करेंगे। पर्यावरण संरक्षण के लिए उन्होंने अपील की है कि उनके स्वागत में माला-गुलदस्ते की जगह पौधा लगाकर फोटो भेंट की जाए। साथ ही वे दसवीं और बारहवीं के होनहार छात्रों को "प्रेम सुंदर प्रतिभा सम्मान" से सम्मानित भी करेंगे।

दुबई से भारतीय लौटे

इजराइल-ईरान तनाव के चलते बीते चार दिनों से दुबई में फंसे इंदौर के पूर्व विधायक विशाल पटेल, संजय शुक्ला समेत करीब 40 लोग कल शाम सुरक्षित इंदौर लौट आए। दुबई से भारतीयों को लेकर विशेष उड़ान मुंबई पहुंची, जहां से ये सभी शाम सवा छह बजे इंदौर एयरपोर्ट पर उतरे।

होली- आगरमालवा

आगरमालवा नगर पालिका परिषद ने इस होली पर एक अनूठी पहल करते हुए मंदिरों में चढ़ाए गए फूलों से प्राकृतिक हर्बल गुलाल तैयार कराया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी कुशलसिंह डोडवे ने बताया कि शहर के विभिन्न मंदिरों से प्रतिदिन निकलने वाले फूलों को इकट्ठा कर वैज्ञानिक विधि से हर्बल गुलाल बनाया गया है।

मोबाइल बरामद

प्रदेश की पुलिस ने बीते तीन हफ्तों में विभिन्न जिलों में चोरी या गुम हुए 1 हजार 835 मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को वापस सौंपे हैं। इनकी कुल कीमत तीन करोड़ रुपए से अधिक है। कई जिलों में विशेष अभियान चलाकर होली पर मोबाइल वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

आईसीसी

आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्व कप का पहला सेमीफाइनल आज दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। यह मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शाम 7 बजे से शुरू होगा। दूसरे सेमीफाइनल में कल भारत का सामना मुंबई में इंग्लैंड से होगा। दोनों मैचों के विजेता 8 मार्च को अहमदाबाद में खिताबी मुकाबला खेलेंगे।

मौसम

प्रदेश में मार्च की शुरुआत के साथ ही गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। कल प्रदेश के 35 जिलों में दिन का तापमान 33 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया, जबकि धार, नर्मदापुरम, खरगोन, खंडवा और रतलाम सबसे गर्म रहे। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले चार दिनों में तापमान 2 से 4 डिग्री और बढ़ सकता है। हालांकि 6 मार्च से एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना है।